भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 933

उत्तर देने की तारीख 29 जुलाई, 2024
7 श्रावण, 1946 (शक)

केरल में खेल अवसंरचना का विकास

933. श्री के. सी. वेणुगोपाल:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केरल सरकार ने राज्य में सिंथेटिक ट्रैक सहित खेल अवसंरचना के विकास के लिए कोई प्रस्ताव प्रस्तुत किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने केरल राज्य में विभिन्न संस्थानों में सिंथेटिक ट्रैक के निर्माण के संबंध में कोई कार्रवाई की है;

(घ) क्या सरकार ने केरल राज्य में खेल सुविधाओं के विकास के लिए वित्तीय सहायता आवंटित की है; और

(ङ) पिछले पांच वर्षों के दौरान खेल अवसंरचना के विकास के लिए सरकार द्वारा आवंटित धनराशि का केरल राज्य सहित राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (घ): 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण खेल अवसंरचना के विकास सहित खेलों के विकास का उत्तरदायित्व मुख्य रूप से राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों का होता है। केंद्र सरकार उनके प्रयासों में सहायता करती है। खेलो इंडिया स्कीम एक मांग-आधारित स्कीम है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों और अन्य पात्र निकायों से वित्तीय सहायता के लिए प्राप्त प्रस्तावों पर उनकी पूर्णता, तकनीकी व्यवहार्यता और स्कीम के तहत धनराशि की उपलब्धता के आधार पर विचार किया जाता है। केरल राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों के आधार पर, तीन खेल अवसंरचना परियोजनाएं जिनमें 2 सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक शामिल हैं खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत स्वीकृत की गई हैं। विवरण **https://mdsd.kheloindia.gov.in** डैशबोर्ड पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

(ड.) पिछले पांच वर्षों के दौरान खेलो इंडिया स्कीम और राष्ट्रीय खेल विकास निधि के तहत खेल अवसंरचना के विकास के लिए सरकार द्वारा आवंटित धनराशि का केरल राज्य सहित राज्य-वार विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://mdsd.kheloindia.gov.in और http://www.nsdf.Yas.gov.in/**nsdf-glance.html** पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

****